

**अजमेर ।** शहर की आरपीएससी कॉलोनी स्थित भगवान श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रातः से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरे दिन शिव भक्ति की अविरल धारा बहती रही। सायं 4 बजे भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायिका हेमा जी ने भगवान भोलेनाथ के एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारी गिरधर मोहन शर्मा व राजेश जैन ने बताया कि मंदिर के नव निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य में अमरदीप परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों एवं भामाशाहों का विशेष सहयोग रहा है। परिवार के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार सहित मंदिर के धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा सनातन परंपराओं को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। आयोजन के माध्यम से समाज में धार्मिक एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

# जनगणना के आंकड़े ही भावी भारत की नींव : कलेक्टर

**अजमेर, ( निसं )।** भारत की आगामी 16वीं जनगणना-2027 (प्रथम चरण) के सुचारु संपादन के लिए सोमवार को सिविल लाइन्स स्थित डिजाइन ईकोल महाविद्यालय में पाँच दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी लोक बंधु ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



**सिविल लाइन्स स्थित डिजाइन ईकोल महाविद्यालय में पाँच दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ हुआ।**

- **अजमेर में 16वीं जनगणना (डिजिटल) का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आरम्भ**

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने उपस्थित नियमित सहायकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए डेटा की गुणवत्ता और शुद्धता को जनगणना की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि जनगणना महज आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास का दर्पण है। अगले एक दशक तक देश की खाद्य सुरक्षा, आवास और शिक्षा जैसी तमाम कल्याणकारी योजनाएं इन्ही आंकड़ों पर निर्भर करेंगी। अतः एक भी गलत एंट्री या लापरवाही, विकास की दिशा को प्रभावित कर सकती है।

**डिजिटल क्रांति की शुरूआतः** जिला कलक्टर ने कहा कि भारत में जनगणना का कार्य वर्ष 1881 से निरंतर किया जा रहा है। वर्ष 2027 की यह 16वीं जनगणना ऐतिहासिक है क्योंकि यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। अब हम कागज-पेन से आगे बढ़कर मोबाइल ऐप्स और सीएमएमएस पोर्टल के युग में प्रवेश कर चुके हैं। यह पेपरलेस प्रक्रिया की ओर एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने सभी तकनीकी सहायकों को निर्देश दिए कि वे मोबाइल ऐप और सीएमएमएस पोर्टल की बारीकियों को गंभीरता से समझें। इससे फील्ड में जीरो एरर के साथ कार्य संपन्न हो सकेगा।

नीति निर्माण की आधारशिला है डेटाः डेटा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े केवल संख्या नहीं हैं, बल्कि ये केंद्र और राज्य सरकारों के नीति-निर्माण का आधार हैं। बजट का आवंटन और विभिन्न सेक्टर्स के लिए कल्याणकारी योजनाएं इन्हीं आंकड़ों पर निर्भर करती हैं।

# लैंगिक समानता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा लिंग आधारित हिंसा रोकथाम अभियान के अंतर्गत पाठशाला पाबूतान में एक दिवसीय लैंगिक समानता जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं व ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के दौरान रैली, नुक्कड़ नाटक एवं सामूहिक शपथ के माध्यम से लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध संदेश दिया गया। साथ ही नवजात बालिकाओं की माताओं को सम्मानित कर बेटियों के महत्व को रेखांकित किया गया। ग्राम सरपंच को संस्थान की ओर से ज्ञापन सौंपकर समानता व सुरक्षा से जुड़े सुझाव रखे गए। इस आयोजन में लगभग 50 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान टीम, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर तोताराम उदयवाल व पाठशाला स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।


**NAME CHANGE**

I, Army No. 15822206L, HAV, Om Prakash Residing at Vill:- Bhanpur, Po:- Imalia, Teh:- Huzur, Distt:- Bhopal, M.P, Pin:-462010 have change my Father's name from Suresh to Suresh Prajapati vide affidavit no. CA 331864 dt 16/02/2026 at court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरे चाचा महावीर पुत्र भैरू जाति भील निवासी ग्राम अलमास की मृत्यु दिनांक 01.01.2001 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम अलमास में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे चाचा महावीर भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। - प्रार्थी- कानाराम पुत्र तेजू भील, ग्राम अलमास तहसील अरांई,अजमेर

**NAME CHANGE**

I,SHIHANTI DEVI is real Mother of No-JC-303021A, SUB(TIR) BIPIN KUMAR of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Nawada, Bihar,805130, have changed my name from SHIHANTI DEVI to SIHANTA DEVI,in my son's army service records.aff-CF 345398.date-14 Feb 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

**NAME CHANGE**

I,RAMASHRYA SINGH is real Father of No-JC-303021A,SUB(TIR) BIPIN KUMAR of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Nawada, Bihar,805130,have changed my name from RAMASHRYA SINGH to RAMASHRAY SINGH,in my son's army service records.aff-CF 345396.date-14 Feb 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

**NAME CHANGE**

I,Army No. 15822206L, HAV, Om Prakash Residing at Vill:- Bhanpur, Po:-Imalia, Teh:- Huzur, Distt:- Bhopal, M.P, Pin:- 462010 have change my Mother's name from Kiran Bai to Kiran vide affidavit no. CA 331862 dt 16/02/2026 at court campus Nasirabad


## 119वां कन्यादान कार्यक्रम

**ब्यावर** (निसं)। श्रीमद् भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा पिछले 18वर्षों से जारी कन्यादान कार्यक्रम के तहत बुधवारको प्रातः 7.20 पर स्थानीय रघुनाथ जी के मंदिर पर 119वाँ कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसके तहत विवाह योग्य तीर्थराज पुष्कर की 153 वीं कन्या का कन्यादान किया जाएगा। प्रभात फेरी संयोजक संजय घीया ने जानकारी देते हुए बताया बताया कि प्रभात फेरी परिवार द्वारा चयनित परिवार का विवाह योग्य कन्या का कन्यादान बडे ही धूमधाम से किया जाता है। परिवार द्वारा कन्यादान का खर्च अपने स्तर पर ही किया जाता है ।

# एमडीएस के छात्रों ने शुरू किया पाक्षिक ई- बुलेटिन

**अजमेर,** (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में शैक्षणिक नवाचार अब कक्षा से निकलकर डिजिटल मंचों तक पहुँच रहे हैं। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रथम सेमेस्टर की नेहा शर्मा, मानसी माहेश्वरी और लोकेश कश्यप ने प्रायोगिक आधार पर एक पाक्षिक ई-बुलेटिन प्रकाशित कर विश्वविद्यालय में डिजिटल पत्रकारिता की नई शुरुआत की है। इस ई-बुलेटिन का औपचारिक लोकार्पण कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। इस नवाचार का पहला अंक महर्षि दयानंद सरस्वती की 202 वीं जयंती को समर्पित रहा, जिसमें उनके वैदिक दर्शन, समाज सुधार आंदोलन और आधुनिक भारत के लिए उनके विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

- **इस ई-बुलेटिन का औपचारिक लोकार्पण कुलगुरु प्रोफेसर सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया**

लोकार्पण अवसर पर कुलगुरु ने कहा कि 'सैद्धांतिक ज्ञान के साथ प्रैक्टिकल उपयोग ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना है। ऐसे प्रयास छात्रों को भविष्य के मीडिया प्रोफेशनल्स के रूप में तैयार करते हैं।'

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षकों ने भी छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा की यह पाक्षिक ई- बुलेटिन विश्वविद्यालय की गतिविधियों, शोध कार्यों और अकादमिक नवाचारों को साझा करने का एक आधुनिक माध्यम बनेगा और छात्रों की रचनात्मक क्षमता को नई दिशा देगा।

# अमृता हाट मेले का भव्य शुभारंभ, लाडो योजना के मस्कट का हुआ विमोचन

**अजमेर, ( निसं )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले का भव्य शुभारंभ सोमवार को अरबन हाट में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी रहे।

- **महिला शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : चौधरी**

अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिला उद्यमियों से संवाद किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी द्वारा गणेश प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि महिला शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। महिलाएं आज स्वरोजगार के माध्यम से न केवल अपने परिवार का संबल बन रही हैं, बल्कि राज्य व देश की आर्थिक प्रगति में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के कल्याण, आत्मरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति संवेदनशील व प्रतिबद्ध है तथा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र वर्ग तक पहुँचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर विभाग की फ्लैगशिप लाडो प्रोत्साहन एवं सम्मान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश में पहली बार तैयार किए गए मस्कट का भी विमोचन किया गया। इसे महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के एक नवाचार के रूप में देखा जा रहा है। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति शर्मा ने कहा कि अमृता हाट जैसे मंच महिला स्वयं सहायता समूहों को विपणन का अवसर प्रदान कर उनकी आय बढ़ाने एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह सात दिवसीय मेला नारी शक्ति की उद्यमशीलता, सांस्कृतिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता का उत्सव बनकर उभरेगा ।

महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन ने अमृता हाट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह आयोजन महिला स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित मूल्य संवर्धित उत्पादों के प्रदर्शन, विपणन तथा उनकी विशिष्ट पहचान स्थापित करने का सशक्त मंच है।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
मूल आवंटी/अन्तरिति के मूल दस्तावेज गुम हो जाने पर फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम में आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की पृथ्वीराज नगर में भूखण्ड संख्या एफ-49 मनोज जैन पुत्र लादूलाल आवंटित किया गया जिसका पट्टा क्रमांक 12792 दिनांक 11.11.10 को जारी किया गया। मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर बेचान लेखचन्द्र जैन पुत्र कपूर चन्द्र को बेचान किया गया। भूखण्ड संख्या एफ-49 पृथ्वीराज नगर अजमेर द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया की मूल पट्टा/लिंक दस्तावेज गुम हो गए है। अतः भूखण्ड संख्या एफ-49 पृथ्वीराज नगर अजमेर की फ्री होल्ड पट्टा लेखचन्द्र जैन पुत्र कपूरचन्द के पक्ष में जारी किये जाने से किसी को कोई आपति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत कर देवें उक्त नियत अवधि के पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं होगी फ्री होल्ड का पट्टा जारी कर दिया जावेगा। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक: नियमन/25-26/1968 आम सूचना दिनांक-16.01.26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेन्द्र साहू पुत्र श्री छोटूलाल साहू निवासी आसरव कॉलोनी, मिर्ची का चौड़ा, ब्यावर द्वारा राजस्व ग्राम नयानगर के खसरा नम्बर 1919 व 1920 में स्थित कल्याण कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 02 कुल क्षेत्रफल 185.00 वर्गगज भूमि का आवासीय लीज होल्ड से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ फ्री होल्ड पट्टा विलेख हेतु आवेदन किया गया है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमाऐं (साईट प्लान के अनुसार)

पूर्व- प्लाट नं. 09 पश्चिम- आम रास्ता ब्यावर-भीम मार्ग
उत्तर- प्लाट नं. 01 दक्षिण- रोड 30 फीट - आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

**न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) किशनगढ़ जिला अजमेर**

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक खातेदार चम्पा पत्नि नन्दा उर्फ जगन्नाथ जाति नट निवासी ग्राम कुचिल तहसील किशनगढ़ की ग्राम कुचिल में खसरा नम्बर 562 रकबा 1.416 हैक्टे. हिस्सा पूर्ण भूमि स्थित है प्रार्थीया सुमित्रा देवी पत्नि स्व0 बजरंग जाति नट निवासी ग्राम शरेगढ़ तहसील सरवाड़ जिला अजमेर ने नोटेरी वसीयत दिनांक 06.12.186 का नामान्तरकरण खोलने हेतु निवेदन किया। मृतक खातेदार चम्पा पत्नि नन्दा उर्फ जगन्नाथ जाति नट के वसीयत के नामान्तरकरण बाबत् प्रकरण राजस्थान भू0 राजस्य अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) के अन्तर्गत प्रकरण संख्या 1/2026 दर्ज कर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय मे विचाराधिन है। वसीयतग्रहिता बजरंग पुत्र रामा जाति नट की दिनांक 04. 0.201 को मृत्यु हो जाने से इसके वारिसान (आवेदक द्वारा बताये गये अनुसार) निम्नानुसार है।

बजरंग पुत्र रामा

| प्रेम देवी (पत्नि) नाऔलाद फोत | सुमित्रा पत्नि | जनता पुत्री | रिंकू पुत्री | चुका पुत्री | भारत पुत्र | जगदीश पुत्र | खुशबु पुत्री | पुष्पा पुत्री | किस्मत पुत्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

उपरोक्त वारिसान अनुसार नामान्तरकरण खोले जाने के सम्बध में किसी व्यक्ति को कोई उजर/ऐतराज हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे न्यायालय तहसीलदार किशनगढ के यहा न्यायालय समय मे उपस्थित होकर अपना उजर/ऐतराज मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत करे। उक्त निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत होने वाले उजर/ऐतराज स्वीकार नही किये जायेंगे तथा नामान्तरकरण की कार्यवाही निर्धारित अवधि के पश्चात कर दी जायेगी।

- तहसीलदार(भू.अ.) किशनगढ, अजमेर


# एआई आधारित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की तैयारी

**अजमेर, (कासं)।** शहर में रात के समय तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की तैयारी की है। इसके तहत 45 अत्याधुनिक कैमरे लगाने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजा गया है।

ये कैमरे शहर की 10 प्रमुख सड़कों पर लगाए जाएंगे, जिनमें वैशाली नगर रोड, माकड़वाली रोड, पुष्कर रोड, पंचशील रोड, लोहागल रोड, सीआरपीएफ पुलिया, एलिवेटेड रोड, स्टेशन रोड, शास्त्रीनगर रोड और रामगंज रोड शामिल हैं। ट्रैफिक विभाग के अनुसार रात 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच ओवरस्पीडिंग और सड़क दुर्घटनाओं के मामले अधिक सामने आते हैं।

वर्तमान में दिन के समय इंटरसेप्टर वाहनों के माध्यम से चालान की कार्रवाई की जाती है, लेकिन रात में निगरानी चुनौतीपूर्ण होती है। नई प्रणाली के तहत कैमरे अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जुड़े रहेंगे और कम रोशनी में भी वाहन की गति तथा नंबर प्लेट को रिकॉर्ड कर सकेंगे। सिस्टम की विशेषता यह होगी कि निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार होने पर वाहन स्वतः चिन्हित हो जाएगा और वाहन स्वामी के पते पर ई-चालान जारी कर दिया जाएगा। गंभीर उल्लंघन की स्थिति में एफआईआर दर्ज करने का भी प्रावधान रहेगा। पुलिस का कहना है कि इस व्यवस्था से 24 घंटे निगरानी संभव होगी और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

## सार-समाचार

### रोडवेज कर्मचारियों का धरना शुरू

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्प्लाइज यूनियन ने प्रदेश की सभी रोडवेज इकाइयों पर 16 एवं 17 फरवरी को दो दिवसीय धरना देने की घोषणा के तहत सोमवार से अजमेर में रोडवेज कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना शुरू किया है। बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि यूनियन ने प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर को ज्ञापन सौंपकर रोडवेज उद्योग एवं कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। ज्ञापन में कर्मचारियों की ज्वलंत मांगों और समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। यूनियन के अनुसार वर्तमान में रोडवेज के पास 2580 बसें हैं, जिनमें से लगभग 850 बसें पूर्ण रूप से कंडम हो चुकी हैं। इस प्रकार केवल 1730 बसें ही मार्गों पर संचालित हो पा रही हैं। आगामी समय में लगभग 200 नई बसें शामिल होने पर बसों की संख्या 1930 होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त 810 अनुबंधित बसें भी संचालित की जा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर 2740 बसें मार्गों पर चल रही हैं। कर्मचारी संख्या को लेकर भी यूनियन ने चिंता जताई है। सभी वर्गों में स्वीकृत पदों की संख्या 22,527 है, जबकि वर्तमान में केवल 10,142 कर्मचारी कार्यरत्त हैं। इस प्रकार 12,385 पद रिक्त हैं। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### आज दो पारियों में होगी परीक्षा

**अजमेर,**(कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार 17 फरवरी को दो पारियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। सुबह की पारी में माध्यमिक एवं दोपहर की पारी में उच्च माध्यमिक परीक्षा होगी। 'बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि माध्यमिक कक्षा के सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा 17 फरवरी को प्रातः 8.30 से 11.45 तक आयोजित होगी। वहीं उच्च माध्यमिक परीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत आंशिक संशोधन किया गया है। 17 फरवरी को कम्प्यूटर विज्ञान (03)/इन्फोरमेटिक्स प्रेक्टिसेस (04) विषय की सैद्धान्तिक परीक्षाएँ जो प्रातः 8.30 बजे से प्रातः 11.45 होनी थी। अब यह परीक्षा मध्यान्ह 2 बजे से सायं 05.15 तक आयोजित की जाएगी। अतः सभी विद्यालय एवं परीक्षार्थी सूचित होंवे।

### महामंडलेश्वर देव प्रकाश का वर्षिक निर्वाण दिवस मनाया

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। चन्द्रा कॉलोनी स्थित सतगुरु बालक धाम सनातन मंदिर में शिवरात्रि पर्व के साथ महामंडलेश्वर देवप्रकाश का निर्माण दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने सुमधुर भजनो की प्रस्तुति दी। नितनेम आरती अरदास के बाद प्रसाद वितरण किया। हरकिशन उदासी ने बताया पं. देवीलाल शास्त्री के सानिध्य में हवन यज्ञ शुरू किया। वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना के पश्चात अग्नि प्रज्वलित कर हवन में सभी भक्तों ने आहुतियां दी। महामंडलेश्वर देवप्रकाश के 67वें निर्वाण दिवस पर झांसी से आये कलाकार भगत उदयराज द्वारा प्रस्तुत भजनों पर भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गये। महंत श्यामदास उदासी ने आश्रम का गीत दीन्दो दीन्दो वदिअ दिल सां दीन्दो बाबा बालकदास कीन छदीन्दो गाया। पाठ की पूर्णाहुति के बाद आरती आनंद साहिब का पाठ कर नितनेम पूर्ण किया। लंगर सेवा अहिलानी परिवार द्वारा की गई। महोत्सव में अजमेर, जयपुर, ब्यावर, मालपुरा से अनेक भक्त शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवी चेतन दलवानी, खेमचंद गुरनाणी, डॉ. किशोर मगनानी, राजेश मनवानी, नरेश मंगलानी, चिमनदास बुधवानी, प्रेम मंगनानी, राजू पागरानी, हरिकिशन अहिलानी, किशोर वासवानी, कमल, रमेश, मोनू गुंगवानी आदि ने व्यवस्था में भागीदारी सुनिश्चित की।

### जमीन विवाद में एक की मौत

**अजमेर,** (कासं)। मदन सिंह रावत के परिवार में लंबे समय से चल रहा संपत्ति विवाद सोमवार को हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें छोटे पुत्र की मौत हो गई। मामला आदर्शनगर थाना क्षेत्र के परबतपुरा स्थित विकास नगर का है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह रावत ने रिपोर्ट दी है कि सोमवार सुबह करीब 7 बजे उनके भाई एडवोकेट बलबीर सिंह रावत के हिस्से वाले मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। गेट लगाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान बड़े भाई भगवान सिंह रावत अपनी पत्नी लाली देवी और बच्चों के साथ कार से वहां पहुंचे और निर्माण स्थल के सामने वाहन खड़ा कर काम रुकवा दिया।

### इस्तकबाल ए रमजान कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावर** (निसं)। जमाअत ए इस्लामी हिंद ब्यावर की ओर से करबला मार्ग में इस्तकबाल-ए-रमजान प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, उलेमा ए किराम और अइम्मा ए मसाजिद ने शिरकत की।कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना शरीफुल हसन ने तज़्कीर बिल कुरआन से की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ जावेद हुसैन ने रमज़ान माह की फ़ज़ीलत और अहमियत पर बोलते हुए बताया कि रमज़ान इंसान के अंदर तब्दीली और इंकलाब का महीना है। इस महीने में अल्लाह ने हर बालिग मुसलमान मर्द व औरत पर पूरे तीस दिनों के रोज़े अनिवार्य किए हैं।यह महीना प्रशिक्षण एवं तरबियत का महीना है जिसमें मुसलमान रोज़े के दौरान अपने अंदर से हर तरह की बुराइयों और कमजोरियों को दूर करने की और अपने अंदर तक्वा, परहेजगारी और ईश-परायणता पैदा करने की कोशिश करता है।

### पूर्व चेयरमैन शाहिद हसन का स्वागत

**मदनगंज-किशनगढ ( निसं )।** बार कौंसिल पूर्व चेयरमैन सैय्यद शाहिद हसन के किशनगढ पहुंचने पर किशनगढ़ बार एसोसिएशन द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया। अध्यक्ष दिनेश जाट ने अधिवक्ताओ से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। शाहिद हसन ने उचित कार्यवाही के लिये आश्वस्त करते हुए कहा की प्रांतीय स्तर पर बातचीत जारी है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश कुमार जाट, अधिवक्ता चालक सिंह बारहट, मोहम्मद हुसैन माजवी, हीरालाल चौधरी, याकूब हनफी, उमराव चौधरी, नासिर हुसैन, जगदीश गोरा, राहुल भवरिया, जगदीश चौधरी, राकेश शर्मा, अब्दुल मजीद, आरिफ मोहम्मद, महेंद्र चौधरी, दशरथ वैष्णव, मोहम्मद खालिद, हसन राजा सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गूंजा 'जन-जन साक्षर' का संदेश

**अजमेर( निसं )।** भारत सरकार के उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सोमवार को अजमेर ग्रामीण ब्लॉक की ग्राम पंचायत भांवता में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कला-जत्था द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को साक्षरता के महत्व से अवगत कराया गया।

- **कार्यक्रम के अंतर्गत कला-जत्था द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को साक्षरता के महत्व से अवगत कराया गया**

**चौपाल पर हुआ प्रभावी मंचनः** गांव के चौपाल स्थित तेजाजी मंदिर के पास आयोजित इस कार्यक्रम में पीसांगन से आए कलाकार नाथूराम डांगी एवं उनकी टीम ने रोचक एवं संदेश प्रधान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से महिलाओं और पुरुषों को शिक्षा के महत्व, निरक्षरता के दुष्परिणाम तथा साक्षर बनने के लाभों के बारे में जागरूक किया गया।

हास्य शैली में प्रस्तुत इस नाटक ने ग्रामीणों का भरपूर मनोरंजन करते हुए उन्हें डिजिटल साक्षरता और बैंकिंग साक्षरता की महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। कलाकारों ने बताया कि आज के दौर में बैंकिंग कार्य, ऑनलाइन लेनदेन, सरकारी योजनाओं का लाभ तथा मोबाइल आधारित सेवाओं के उपयोग के लिए साक्षर होना अत्यंत आवश्यक है।

**'जन-जन हो साक्षर' का लिया संकल्पः** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने 'जन-जन हो साक्षर' का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने की पहली सीढ़ी है।

**शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायत की सक्रिय भागीदारीः** इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांवता की प्रधानाचार्य पुष्पा धगैया, ग्राम पंचायत साक्षरता प्रभारी नेहा चंदेल, रतन लाल गुर्जर, मोहन लाल, किरण सिंह राठौड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद् कुचामन सिटी**

Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in
munibkcity@gmail.com
फोन नं. 01586-220022
01586-221526

क्रमांक :- न.प.कु./2025-26/7567 लोक सूचना दिनांक :- 16-02-2026

निम्न लिखित आवेदको द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री दिलीप सिंह पुत्र भवानी सिंह, श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र सोहन सिंह, श्रीमती मधु कंवर पत्नी शैतान सिंह, श्री रविन्द्र प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, श्री शक्ति प्रताप सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह, श्रीमती सुरेशस कंवर पत्नी राम सिंह | तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना-कुचामन | पनवाड़ी | 384/98 | 1.2000 Hq. |
| 2. | श्री पूरण सिंह रणवां पुत्र मोतीराम जाति जाट | तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना-कुचामन | टोरड़ा | 1422/1126<br>308 | 0.1300 Hq.<br>0.5500 Hq. |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16-02-2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी